# सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बनाए जाएंगे इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर

## औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा- इससे निगरानी व पारदर्शिता सुनिश्चित होगी

लखनऊ। प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित करने के निर्देश औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मंगलवार को यूपीसीडा को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किए जाएं। जिससे औद्योगिक क्षेत्र के समग्र विकास, निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। यह भी कहा कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों में प्रवेश द्वार बनवाया जाए, जिसमें एकरूपता हो।

यूपीसीडा मुख्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए नंदी ने अधिकारियों को लैंड बैंक बढ़ाने और उद्यमियों को आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे कराने के भी निर्देश दिए। नंदी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में हो रहे कार्यों के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की अधिकारी अचानक दौरा कर समीक्षा करें। कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों के साथ ही ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें ताकि कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित समय के अंदर मानचित्र स्वीकृत किए जाएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीईओ यूपीसीडा मयूर महेश्वरी ने ललितपुर में 1472 एकड़ भूमि पर फार्मा पार्क विकसित करने की जानकारी दी। वहां प्रथम चरण में 352 एकड़ क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। नंदी ने कहा कि देश-विदेश की फार्मा कंपनियों से संपर्क कर उन्हें फार्मा पार्क ललितपुर में स्थान दिया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान नंदी ने विद्युत विभाग के कार्यों में लापरवाही पर एएमसी के कांट्रैक्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सीईओ ने बताया कि यूपीसीडा प्रदेश का पहला ऐसा विभाग है, जिसने शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था की है। ब्यूरो